C M Y K

DIGITAL - EPAPER

# भीलवाड़ा फोकस


भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 194 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 05 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## मेगा हाईवे पर पैदल श्रद्धालुओं पर पलटा कपास से भरा ट्रक, 3 की मौत, 9 गंभीर घायल







भीलवाड़ा फोकस @ बूंदी।

दौसा-लालसोट मेगा हाईवे पर रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। देईखेड़ा थाना क्षेत्र के पापड़ी रेलवे ओवरब्रिज के पास कपास (रूई) से भरा एक बेकाबू ट्रक पैदल जा रहे श्रद्धालुओं पर पलट गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए।

ट्रक पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। ट्रक के नीचे और रूई के ढेर में दबे घायलों को स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। ये सभी श्रद्धालु चौथ का बरवाड़ा में माता के दर्शन के लिए पैदल जा रहे थे।

हादसे में अमरपुरा (बूंदी) निवासी राजाराम (50) पुत्र राधाकिशन और सांगोद (कोटा) निवासी कालूलाल की मौके पर ही मौत हो गई। 10 घायलों को देईखेड़ा अस्पताल लाया गया, जहां से सभी को गंभीर हालत में महाराव भीम सिंह हॉस्पिटल रेफर किया गया। इलाज के दौरान गुहाटा निवासी सांवरा (23) पुत्र किशनलाल केवट ने दम तोड़ दिया।

एमबीएस अस्पताल में लक्ष्मी (17), देवलाल (50), गिरिराज (35), रामकिशन (50), महावीर (35), जोधराज (38), गिरिराज (30), महावीर (52) और फोरूलाल (40) का उपचार जारी है। हादसे के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए। लोगों ने ट्रक और रूई में आग लगा दी तथा सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। इससे हाईवे पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया। देईखेड़ा थानाधिकारी धारा सिंह और लाखेरी थानाधिकारी सुभाष शर्मा मौके पर पहुंचे। जेसीबी की मदद से ट्रक को सीधा कर हटाया गया। एडिशनल एसपी उमा शर्मा ने हादसे में तीन मौतों और नौ घायलों की पुष्टि की है।

घायलों का हालचाल लेने ओम बिरला एमबीएस अस्पताल पहुंचे। जिन्होंने डॉक्टरों को बेहतर इलाज के निर्देश दिए और घटना को दुखद बताया। साथ ही कोटा रेंज आईजी राजेंद्र गोयल को पूरे मामले की जांच के आदेश दिए। आईजी गोयल ने कहा कि वे नेशनल हाईवे टीम के साथ मौके की जांच करेंगे और पैदल श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए ठोस इंतजाम जैसे मार्ग पर अतिरिक्त वाहन तैनाती और सुरक्षित कॉरिडोर किए जाएंगे।

## कोटा में केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत का भव्य स्वागत

### सर्किट हाउस में भाजपा शहर ने किया अभिनंदन, पर्यटन व रोजगार विस्तार पर हुआ संवाद





भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।

**गर्वित** केंद्रीय कैबिनेट पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के कोटा प्रवास पर रविवार को सर्किट हाउस कोटा में भाजपा शहर जिला कोटा की ओर से भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, लाडपुरा विधायक कल्पना देवी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन के सानिध्य में मंत्री शेखावत का गदा भेंट कर, पार्टी दुपट्टा पहनाकर एवं पुष्पहार अर्पित कर आत्मीय स्वागत किया गया।

अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री शेखावत ने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट कर स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संगठनात्मक सक्रियता और जनसंपर्क को और मजबूत करने का आह्वान किया। मंत्री शेखावत ने कहा कि पर्यटन, संस्कृति और विकास तीनों के समन्वय से ही क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिल सकती है।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने केंद्रीय मंत्री को एक मांग-पत्र सौंपते हुए अवगत कराया कि कोटा में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए ट्रेवल मार्ट का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा होटल व्यवसाय को औद्योगिक दर्जा प्रदान किया गया है, किंतु रीको के औद्योगिक क्षेत्रों में होटल व्यवसाय को अब तक औद्योगिक गतिविधि का दर्जा नहीं दिया गया है। जिलाध्यक्ष ने आग्रह किया कि रीको औद्योगिक क्षेत्रों में होटल व्यवसाय को औद्योगिक दर्जा दिए जाने का निर्णय निवेश को प्रोत्साहन, पर्यटन विकास, रोजगार सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री महावीर नायक बिल्लू, शैलेन्द्र ऋषि, रामलाल टटवाडिया, जिला उपाध्यक्ष सतीश चौधरी, जितेन्द्र खजांची, जिला मंत्री दीपक मीणा, संध्या मोरे, कोषाध्यक्ष आत्मदीप आर्य, कार्यालय मंत्री प्रदीप राठौर, प्रवक्ता अमित सेन, मीडिया संयोजक अनिल तिवारी, युवा प्रमुख रोहित चंदेल, पुनित चतुर्वेदी, वरिष्ठ नेता महिप सिंह सोलंकी सहित मंडल अध्यक्ष, प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अपना घर संभालिए, मेरी चिंता मत कीजिए-मदन राठौड़

### जयपुर में बोले बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष, कांग्रेस में खींचतान पर साधा निशाना

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा भाजपा संगठन और प्रदेश नेतृत्व पर कसे गए तंज का भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने तीखे शब्दों में जवाब दिया है। जयपुर स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब में मीडिया से बातचीत करते हुए राठौड़ ने स्पष्ट कहा कि वे क्या कर रहे हैं और क्या नहीं, इसका फैसला उनका संगठन करेगा, न कि कांग्रेस नेता।

मदन राठौड़ ने कहा, मैं क्या कर रहा हूं, क्या नहीं कर रहा हूं, यह डोटासरा को देखने की जरूरत नहीं है। मेरा संगठन देखेगा। आप लोग (मीडिया) देख रहे हैं, वही पर्याप्त है। मुझे गोविंद सिंह डोटासरा से कोई सर्टिफिकेट नहीं लेना। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस पहले अपना घर संभाले, क्योंकि उन्हें अपनी पार्टी की चिंता ज्यादा सतानी चाहिए। कांग्रेसी तो मेंढक की तरह



उछल-कूद करते इधर-उधर भाग रहे हैं। वे मेरी और मेरी पार्टी की चिंता क्यों कर रहे हैं?

दरअसल, शनिवार को भाजपा की एक संगठनात्मक कार्यशाला में प्रदेश प्रभारी की अनुपस्थिति को लेकर गोविंद सिंह डोटासरा ने तंज कसते हुए कहा था कि भाजपा प्रदेश प्रभारी क्यों नाराज हैं और वे कार्यशाला में क्यों नहीं आए, यह भी भाजपा को बताना चाहिए। डोटासरा ने दावा किया था कि भाजपा में अंदरूनी खींचतान है, सत्ता और संगठन के बीच दूरी है। उन्होंने यहां तक कहा कि मदन राठौड़ क्या कर सकते हैं, वे तो मुख्यमंत्री की पुंगी बजा रहे हैं।

इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए मदन राठौड़ ने संगठन और कार्यकर्ताओं का मजबूती से बचाव किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी का प्राण है और उसी से संगठन खड़ा होता है। कार्यशाला में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के उस बयान पर, जिसमें कार्यकर्ता के साइन से काम नहीं करने वाले अधिकारियों को परिणाम भुगतने की बात कही गई थी, राठौड़ ने कहा कि कार्यकर्ता का सम्मान जरूरी है और जनता के काम समय पर होने चाहिए। प्रदेश में सत्तारूढ़ पार्टी का कार्यकर्ता है, अधिकारी भी व्यवस्था का हिस्सा हैं, दोनों के बीच समन्वय रहना चाहिए।

कार्यशाला में कुटुंब प्रबंधन पर हुई चर्चा का जिक्र करते हुए राठौड़ ने सामाजिक संदेश भी दिया। उन्होंने कहा, मैं आपके माध्यम से देशवासियों से आग्रह करता हूं कि परिवार के साथ बैठकर संवाद करें। कुछ नहीं तो भजन ही करें, लेकिन एक साथ बैठें, एक साथ खाना खाएं। इससे परिवार व्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने चिंता जताई कि आज परिवार बिखरते जा रहे हैं और महीने में कम से कम एक-दो दिन परिवार के साथ समय बिताना जरूरी है।

## डंपर से कुचलकर चालक की हत्या, शव गायब

### मेहरू कला में बजरी स्टॉक पॉइंट पर वारदात, आरोपी फरार



भीलवाड़ा फोकस @ सावर

(दिलखुश) मेहरू कला गांव में रविवार सुबह बजरी स्टॉक पॉइंट पर एक डंपर चालक की कुचलकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान बूंदी निवासी 55 वर्षीय बहादुर सिंह के रूप में हुई है। आरोप है कि आरोपी चालक ने जानबूझकर डंपर को तीन बार रिवर्स कर बहादुर सिंह को कुचला और फिर मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद आरोपी चालक डंपर सहित फरार हो गया। इसके बाद शव को बिना परिजनों को सूचना दिए मौके से हटा लिया गया, जिस पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लीजधारक के लोग शव को अपनी कैंपर गाड़ी में डालकर ले जा रहे थे, तभी ग्रामीणों ने हंगामा किया। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया।

मृतक की पत्नी प्रकाश कौर, उनके बेटे और ग्रामीण मौके पर धरने पर बैठ गए हैं। प्रकाश कौर ने बताया कि उन्हें शव के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है और वे अपने पति के हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। परिजनों ने थाने जाने और शव लेने से इनकार कर दिया है। सावर थानाधिकारी राधेश्याम चौधरी ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार



किया है ।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सावर तहसीलदार भगवती प्रसाद वैष्णव मौके पर मौजूद हैं और परिजनों से बातचीत कर रहे हैं। परिजनों ने 50 लाख रुपये मुआवजे की मांग की है, लेकिन खबर लिखे जाने तक प्रशासन और परिजनों के बीच कोई सहमति नहीं बन पाई थी। परिवार ने आरोप लगाया है कि हत्या के सबूत मिटाने की कोशिश की जा रही है। मृतक के भांजे ने कहा, हमारे पहुंचने से पहले ही शव गायब कर दिया गया। आरोपी ने जानबूझकर डंपर चढ़ाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## गहलोत बोले बाड़मेर-बालोतरा सीमा में फेरबदल तुगलकी फरमान

### जनता की सहूलियत नहीं, सियासी समीकरण साधने का फैसला : अशोक गहलोत

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

बाड़मेर-बालोतरा जिलों की सीमाओं में किए गए फेरबदल को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। गहलोत ने ट्वीट कर कहा कि यह निर्णय जनता की सुविधा के लिए नहीं, बल्कि आगामी परिसीमन और राजनीतिक समीकरण साधने के उद्देश्य से लिया गया है।

गहलोत ने कहा कि उनकी सरकार ने प्रशासन को आमजन के द्वार तक पहुंचाने की मंशा से नए




जिले बनाए थे, लेकिन मौजूदा सरकार जनभावनाओं को दरकिनार कर केवल सियासी रोटियां सेकने में लगी हुई है। उन्होंने 31 दिसंबर की आधी रात को आनन-फानन में किए गए इस फेरबदल को सरकार का एक और तुगलकी फरमान करार दिया।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फैसले से विशेषकर गुड़ामालानी क्षेत्र की जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ेगी। जिला मुख्यालय की दूरी कम होने के बजाय और बढ़ गई है, जो आमजन के साथ सीधा अन्याय है। उन्होंने इसे प्रशासनिक दृष्टि से भी अव्यावहारिक बताया।

C M Y K

## कोहरे से जनजीवन प्रभावित, सर्दी ने छुड़ाई धूजणी





**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**

**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में शनिवार रात से रविवार सुबह तक घना कोहरा छाया रहा, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। सोपुरा, सालरिया, ढ़ेलाणा, बड़ला, बनकाखेड़ा, चावंडिया, रेड़वास, कुड़ी, खजीना, खरेड़, पिथास, सोलंकिया का खेड़ा, कांदा सहित कई गांवों में दृश्यता बेहद कम रही। घने कोहरे के चलते वाहन चालकों को खासा परेशान होना पड़ा। हाईवे पर वाहनों की रफ्तार धीमी रही और चालक सुरक्षा के मद्देनज़र हेडलाइट जलाकर चलते नजर आए। कोहरे के साथ हल्की फुहार पड़ने से पेड़-पौधों से पानी टपकता दिखाई दिया, जिससे ठंड और बढ़ गई। बढ़ती सर्दी से बचाव के लिए ग्रामीण अलाव तापते नजर आए। दिनभर चली सर्द हवाओं और ठिठुरन ने लोगों की धूजणी छुड़ा दी। लगातार बने कोहरे के कारण यातायात के साथ-साथ दैनिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं।

## पथिक क्लब की रात्रिकालीन क्रिकेट लीग आज से, 24 टीमें मैदान में




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

खेल प्रेमियों के लिए पथिक क्लब द्वारा आयोजित पथिक प्रीमियर लीग (PPL) रात्रिकालीन ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ आज 5 जनवरी सोमवार को शाम 6 बजे पथिक क्लब मैदान, में होगा। इस अवसर पर क्षेत्र के ग्रामवासी, खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांडलगढ़ विधायक गोपाल खण्डेलवाल रहेंगे । जिसमे साथ समस्त भाजपा परिवार उपस्थित रहेगा । आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है।

पथिक क्लब अध्यक्ष रवि स्वर्णकार ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 24 टीमें भाग लेंगी। सभी मुकाबले 9-9 ओवर के होंगे, जिससे दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट देखने को मिलेगा। प्रतियोगिता के विजेता को रु.51,000 एवं उपविजेता को रु.21,000 का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## श्रीराम मण्डल सेवा संस्थान का विशाल रक्तदान शिविर, 400 यूनिट रक्त संग्रहित



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

श्रीराम मण्डल सेवा संस्थान की ओर से शास्त्रीनगर स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर के पास खाण्डल विप्र विकास ट्रस्ट छात्रावास में सुबह 8 से शाम 6 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 400 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ।

शिविर का शुभारंभ पूर्व नगर परिषद सभापति ओम नराणीवाल, उद्योगपति राधाकिशन सोमानी, भीलवाड़ा मजदूर संघ अध्यक्ष पन्नालाल चौधरी, समाजसेवी कैलाश तापड़िया, अनिल राठी, पार्षद आशा शर्मा एवं पूर्व पार्षद कैलाश शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया। अतिथियों का स्वागत संस्थान अध्यक्ष शांतिप्रकाश मोहता ने किया।

शिविर प्रभारी ममता शर्मा ने बताया कि युवाओं सहित हर आयु वर्ग के लोगों में जबरदस्त उत्साह रहा। पूर्व पार्षद कैलाश शर्मा ने पत्नी आशा शर्मा के साथ सजोड़ा रक्तदान किया। 51वीं बार रक्तदान करने वाले परमेश्वर बाहेती जैसे रक्तवीर प्रेरणास्रोत बने।

रक्त संग्रहण का कार्य महात्मा गांधी चिकित्सालय ब्लड बैंक, रामस्नेही चिकित्सालय ब्लड बैंक एवं भीलवाड़ा ब्लड बैंक की टीमों ने किया।

शिविर को सफल बनाने में मुकेश वर्मा, संजय पारीक, चौनसिंह चौहान, रामावतार शर्मा, संजय तोषनीवाल, किशन जाट, मंगलचंद मिश्रा, राधेश्याम खेतान, बनवारी माली, राजपाल ढाका, जितेंद्र सेन, दिनेश लखोटिया, हनुमान परिहार, लक्की सैनी, बाबूलाल तिवाड़ी, जयेश पारीक, सुभाष शर्मा सहित अनेक सदस्यों ने सहयोग किया।

## अवैध बजरी खनन पर पुलिस की बड़ी कार्यवाही तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, एक गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद**

अवैध खनन के खिलाफ सख्ती दिखाते हुए थाना पुलिस ने खारी नदी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पड़ासोली के पास नेखाड़ी की ओर दबिश देकर पुलिस ने अवैध बजरी से भरी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कीं, जबकि मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध बजरी दोहन की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इनपुट के आधार पर गठित



विशेष टीम ने खारी नदी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध खनन पर शिकंजा कसा। जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाने लाया गया है और गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जाँच शुरू की है ।

# आंमा गांव का श्मशान घाट बदहाल, गंदगी और अव्यवस्थाओं में होती है अंतिम विदाई

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत आंमा में स्थित श्मशान घाट की हालत अत्यंत जर्जर बनी हुई है। यहां न तो टीन शेड है, न बैठने की व्यवस्था और न ही साफ रास्ता। कटीली झाड़ियां, कीचड़ और तालाब की पाल पर फैली गंदगी व दुर्गंध के बीच ग्रामीणों को अंतिम संस्कार करने को मजबूर होना पड़ता है।

हाल ही में गणेश लाल जरवाल के निधन पर आंमा व आसपास के ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के दौरान भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा, जिससे लोगों में रोष फैल गया। ग्रामवासी एडवोकेट बालकृष्ण पुरोहित



ने बताया कि कई बार प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद स्थिति जस की तस है। गांव के प्रबुद्ध नागरिक बालकिशन पुरोहित, सुखदेव जरवाल और राधेश्याम तेली सहित दर्जनों ग्रामीणों ने कुप्रबंधन पर नाराजगी जताई।

ग्रामीणों का कहना है कि श्मशान तक जाने वाला मार्ग कीचड़ से भरा है, बारिश में टीन शेड के अभाव में दाह संस्कार मुश्किल हो जाता है और गंदगी से संक्रमण का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या से सरपंच गोपाल सुवालका को भी कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक सुधार नहीं हुआ।

हालांकि, मामले की जानकारी मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल को दिए जाने पर उन्होंने श्मशान घाट की व्यवस्थाएं शीघ्र सुधारने और विकास कार्य कराने का आश्वासन दिया है।

## आसींद हाईवे मरम्मत पर मिला आश्वासन, आंदोलन स्थगित

### नेशनल हाईवे विभाग ने 15 जनवरी तक काम शुरू करने का दिया भरोसा

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे के लगभग 700 मीटर लंबे क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत को लेकर नगरवासियों को एक बार फिर आश्वासन मिला है। नेशनल हाईवे विभाग के अधिकारियों ने 15 जनवरी तक मरम्मत कार्य शुरू करने का भरोसा दिलाया है, जिसके बाद नगरवासियों ने फिलहाल अपना आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया है।

इससे पूर्व सड़क की बदहाल स्थिति से परेशान नगरवासियों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा था। करीब सात दिन पहले कांग्रेस के युवा नेता दिनेश



गुर्जर और निर्मल मेघवंशी के नेतृत्व में नागरिकों ने खून से पत्र लिखकर संबंधित विभाग को ज्ञापन सौंपा था। इसके साथ ही नगर की महिलाओं सहित बड़ी संख्या में लोगों ने लोटन यात्रा निकालने की चेतावनी देते हुए उपखंड अधिकारी को समस्या से अवगत कराया था।

लगातार जनआंदोलन, जनदबाव और प्रशासनिक हस्तक्षेप के चलते नेशनल हाईवे विभाग के अधिकारियों ने उपखंड प्रशासन के समक्ष 15 जनवरी तक सड़क निर्माण या मरम्मत कार्य प्रारंभ करने के लिए समय मांगा। अधिकारियों ने शीघ्र समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि तय समयसीमा में कार्य शुरू कर दिया जाएगा। अधिकारियों के इस भरोसे के बाद नगरवासियों ने आंदोलन को अस्थायी रूप से स्थगित करने का फैसला लिया। हालांकि, नागरिकों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि 15 जनवरी तक कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे दोबारा उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।


## शीतलहर को देखते हुए निजी स्कूलों के समय परिवर्तन की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में जारी कड़ाके की सर्दी और शीतलहर के मद्देनजर विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। इसी को लेकर राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक शास्त्रीनगर में आयोजित की गई, जिसमें निजी विद्यालयों के समय में परिवर्तन की आवश्यकता पर गंभीर चर्चा की गई। बैठक में परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बंब एवं संरक्षक हेमंत कोठारी ने बताया कि वर्तमान में पूरे प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप जारी है। शीतकालीन अवकाश 5 जनवरी को समाप्त होने के बाद 6 जनवरी से विद्यालय खुलेंगे। जहां राजकीय विद्यालयों का समय सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित है, वहीं कई निजी विद्यालय सुबह 8 बजे से संचालित होते हैं। ऐसे में बच्चों को



सुबह 6:30 से 7 बजे के बीच अत्यधिक ठंड और घने कोहरे में घर से निकलना पड़ता है, जिससे उनके बीमार होने की आशंका बनी रहती है। परिषद सदस्यों ने बताया कि सुबह के समय घने कोहरे के कारण स्कूल बस, वैन एवं टेंपो से आवागमन में दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है, जो विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय है। ठंड के चलते छोटे बच्चों, विशेषकर नर्सरी व प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परिषद की ओर से जिला कलेक्टर को ज्ञापन प्रेषित कर मांग की जाएगी कि वर्तमान शीतलहर को देखते हुए सभी निजी विद्यालयों को निर्देश जारी कर विद्यालयों का समय सुबह 9 बजे के बाद ही निर्धारित किया जाए, ताकि बच्चों का स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। परिषद ने प्रशासन से शीघ्र निर्णय लेने की मांग करते हुए कहा कि यह कदम विद्यार्थियों के हित में अत्यंत आवश्यक है और किसी भी संभावित दुर्घटना अथवा स्वास्थ्य संकट को रोका जा सकता है। बैठक में जिला मार्गदर्शक सीए महावीर गांधी, समाजसेवी ललित आंचलिया, पूर्व पार्षद सुरेश बंब, संयोजक लक्की ब्यावट, सहसंयोजक अनुराग बाबेल, जिला उपाध्यक्ष ललित बोहरा, प्राचीर समदानी, सीए नवजोत सिंह, कमल वेशनानी, अभिषेक पोखरना, हरीश काकानी, अर्पित नंदावत, महिला विंग जिलाध्यक्ष नेहा चोरड़िया, महामंत्री कुसुम श्रीश्रीमाल, सुनीता गांधी, रजनी बापना, लीला कोठारी, मधु लोढ़ा, ज्ञानचंद पगारिया, विनोद सुखवाल, ललित लोढ़ा, मुकेश मेडतवाल, गिरिराज लड्ढा, महेंद्र खींची, अमित व्यास सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



QUICK BITES

## जोगणिया माता मंदिर में विशेष श्रृंगार, सर्दी-कोहरे के बीच उमड़ा भक्तों का सैलाब

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।



**नरेश धाकड़ ।** जिले के प्रसिद्ध जोगणिया माता मंदिर में रविवार को माता रानी का विशेष श्रृंगार श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। अवकाश का दिन होने के कारण मंदिर परिसर में दिनभर भक्तों का जमावड़ा बना रहा। सुबह से ही सर्द मौसम और घने कोहरे के बावजूद श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचते रहे। माता के अलौकिक श्रृंगार और सुसज्जित मंदिर परिसर ने भक्तों को भावविभोर कर दिया।

दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं ने माता से सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की।

## श्री विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण में सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर बैठक सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ सावर।



**(दिलखुश) ।** श्री विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण में आगामी सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रविवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सम्मेलन अध्यक्ष कैलाश चंद्र पालड़िया ने की। बैठक में समाजहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिनमें से कई प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बैठक में मंदिर की रंगाई-पुताई एवं सौंदर्यीकरण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। साथ ही सम्मेलन की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए कार्यकारिणी सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। समाज के गणमान्यजनों द्वारा प्रस्तावित जनकपुरी, अवधपुरी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन स्थलों का निरीक्षण भी किया गया।

इस अवसर पर सम्मेलन संरक्षक संपत लाल देहमन, सूरजकरण, कालू सिंह , शंकर जी खोगतलिया, सूरजकरण पालड़िया, शिवप्रकाश डाबरवाडिया, भंवरलाल पलीवाल , संपत पालड़िया, दीनदयाल पालड़िया , महावीर कासलीवाल , मुकेश कुमार लदोया, भंवरलाल बरड़वा सहित कई कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com

वेब: www.bhilwarafocus.com

# आरएसएस शताब्दी वर्ष पर पुर में होगा भव्य हिंदू सम्मेलन

## 1 फरवरी को आसपास के 10 गांवों के समाजजन लेंगे भाग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शताब्दी वर्ष समारोह के अंतर्गत हिंदू समाज द्वारा एक भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन आगामी 1 फरवरी, रविवार को पुर में आयोजित होगा।

हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के प्रचार-प्रसार प्रमुख महावीर सोनी ने बताया कि सम्मेलन में पुर सहित आसपास के ग्राम जाटों का खेड़ा, बलिया खेड़ा, माली खेड़ा, देवली, राजोला, मुजरास, कुम्हारिया खेड़ा, खारोलिया खेड़ा एवं मुछालो का खेड़ा के ग्रामवासी सहभागिता करेंगे।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सभी हिंदुओं को एक सूत्र में बांधना, समाज में समरसता व एकता को सुदृढ़ करना है। साथ ही सम्मेलन के माध्यम से समाज को पंच परिवर्तन के लिए जागरूक करने का आह्वान किया जाएगा। पंच परिवर्तन के अंतर्गत स्व का बोध (स्वदेशी), नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता एवं कुटुंब प्रबोधन जैसे विषयों पर विचार एवं संदेश दिए जाएंगे।

हिंदू सम्मेलन को लेकर क्षेत्र में उत्साह और सकारात्मक वातावरण देखा जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है तथा अधिक से अधिक समाजजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

# शाहपुरा में रोशनी की उम्मीद बना 21वां निःशुल्क नेत्र शिविर

## निःशुल्क ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण से मरीजों की आंखों में लौटी चमक





भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।

**मूलचंद पेसवानी।** शहर में मानव सेवा की एक प्रेरणादायी मिसाल उस समय देखने को मिली, जब सद्भावना सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में एवं स्माइल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित 21वें निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने झंडारोहण कर किया।

उद्घाटन के पश्चात विधायक डॉ. बैरवा ने ऑपरेशन हेतु भर्ती रोगियों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याएं जानी और चिकित्सा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऐसे निःशुल्क नेत्र शिविर वास्तव में अंधेरे में रोशनी बनकर जरूरतमंदों के जीवन में नया उजास भरते हैं।

डॉ. बैरवा ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा हरसंभव सहयोग दिया जा रहा है, ताकि जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने शाहपुरा क्षेत्र में इस प्रकार के शिविरों को अत्यंत लाभदायी बताते हुए समाज के निरंतर सहयोग की अपेक्षा जताई।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, स्थानीय भाजपा पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। स्माइल फाउंडेशन के प्रतिनिधि अनिल लोढ़ा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए शिविर की व्यवस्थाओं की जानकारी दी। वहीं सद्भावना सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष कमला चौधरी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ट्रस्ट वर्षों से निःस्वार्थ भाव से सेवा कार्य कर रहा है। शिविर की सफलता में जिला अंधता निवारण समिति, भीलवाड़ा, आर.एन.टी. मेडिकल कॉलेज उदयपुर, एस.एम.एस. चिकित्सालय जयपुर एवं रामनिवासधाम ट्रस्ट के सहयोग को भी महत्वपूर्ण बताया गया।

# श्री बाणमाता शक्तिपीठ पर 22 से 28 जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा

## रामलला प्राणप्रतिष्ठा द्वितीय वर्षगांठ पर होगा आयोजन, पोस्टर का हुआ विमोचन

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।




क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री बाणमाता शक्तिपीठ पर रामलला प्राणप्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 22 जनवरी से 28 जनवरी तक भव्य श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर रविवार को कथा के पोस्टर का विमोचन किया गया। श्री बाणमाता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान के अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि कथा का वाचन प्रेमनारायण महाराज गेहूंखेड़ी के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक किया जाएगा।

आयोजन की तैयारियों को लेकर शक्तिपीठ परिसर में बैठक आयोजित की गई, जिसमें छाया, पानी, यातायात, आवास, अर्थ संग्रहण, क्रय व्यवस्था एवं शोभायात्रा सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि 22 जनवरी को सुबह 8 बजे मेनाली नदी से 251 कलशों की शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ प्रारंभ होकर मेला ग्राउंड, मंदिर परिसर होते हुए कथास्थल पर पहुंचेगी। इस दौरान 100 से अधिक प्रभात फेरियों का महासंगम भी होगा। कथा के दौरान प्रतिदिन जोड़ा बैठने हेतु 5100 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। बैठक में उपाध्यक्ष अमरनाथ योगी, महामंत्री अमित जोशी, कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल धाकड़, सहित कई पदाधिकारी, सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

# काशीपुरी धाम में श्री श्याम सेवा समिति की बैठक सम्पन्न

## फाल्गुन महोत्सव खाटू की तर्ज पर बनेगा भव्य, भीलवाड़ा बनेगा मिनी खाटू

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।





श्री श्याम मंदिर, काशीपुरी धाम में श्री श्याम सेवा समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष आयोजित होने वाला श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव विश्वविख्यात खाटूश्याम जी के लक्खी मेले की तर्ज पर अत्यंत भव्य, ऐतिहासिक और श्रद्धा से ओतप्रोत स्वरूप में मनाया जाएगा। महोत्सव के दौरान भीलवाड़ा फाल्गुन मास में 'मिनी खाटू' का रूप धारण करेगा और दूर-दराज से हजारों श्रद्धालु बाबा श्याम के दर्शन हेतु काशीपुरी धाम पहुंचेंगे।

समिति अध्यक्ष सुरेश पोद्दार ने कहा कि काशीपुरी धाम को खाटू श्याम जी की तर्ज पर भव्य रूप से सजाया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को खाटू जैसे दिव्य दर्शन और आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि बाबा श्याम हारे के सहारे हैं और फाल्गुन मास में उनकी कृपा विशेष रूप से बरसती है, इसी भाव के साथ यह महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और सेवा का अनुपम संगम बनेगा।

महोत्सव का शुभारंभ 22 फरवरी, रविवार को सुबह 9.15 बजे रक्त अर्पण महोत्सव रक्तदान शिविर से किया जाएगा, ताकि भक्ति के साथ मानव सेवा का संदेश समाज तक पहुंचे। इसके पश्चात 26 फरवरी, गुरुवार को सुबह 11.15 बजे अखंड ज्योत पाठ का आयोजन होगा।

27 फरवरी, शुक्रवार को सुबह 8.15 बजे लक्ष्मी नारायण मंदिर से श्री श्याम मंदिर, काशीपुरी धाम तक भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु निशान लेकर ढोल-नगाड़ों और भजनों के साथ बाबा श्याम के जयकारे लगाते हुए शामिल होंगे। इसी दिन दोपहर 3.15 बजे छप्पन भोग एवं भव्य कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जबकि सायं 7.15 बजे श्री श्याम संकीर्तन में चंडीगढ़ से पधारे प्रसिद्ध भजन प्रवाहक मोनू दुग्गा अपनी सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगे।

मीडिया प्रभारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि आयोजन को सुव्यवस्थित एवं भव्य बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने एकमत से संकल्प लिया कि श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव को ऐतिहासिक, भव्य और जन-आस्था से परिपूर्ण बनाया जाएगा।

# जेएसजीआईएफ फेडरेशन डे व मेवाड़ रीजन स्थापना दिवस पर आयोजित हुई भक्ति संध्या

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जेएसजीआईएफ फेडरेशन डे, मेवाड़ रीजन स्थापना दिवस एवं नववर्ष के उपलक्ष्य में संगिनी जेएसजी भीलवाड़ा मेन द्वारा हरनी महादेव रोड स्थित एक निजी वाटिका में भव्य भक्ति संध्या का आयोजन किया गया।

संगिनी अध्यक्षा पुष्पा गोखरू एवं सचिव प्रमिला गोखरू ने बताया कि भक्ति संध्या में भजन गायिका मधु काबरा ने सुमधुर, भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर



दिया। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य सेवा, करुणा और सद्भावना के भाव को सुदृढ़ करना रहा।

नववर्ष के अवसर पर वृद्धजनों का तिलक कर, उपरना एवं गजक भेंट कर सम्मान किया गया। मनीष बंब ने जानकारी दी कि सद्भावना सेवा संस्थान की अध्यक्षा कमला चौधरी एवं जेएसजी भीलवाड़ा मेन के संस्थापक अध्यक्ष राजेंद्र गोखरू ने आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में राजेंद्र गोखरू, निर्मल खजांची, बलवीर डागलिया, महावीर मेहता, पुनीत मेहता, पारसमल मेहता, सुरेंद्र डांगी, अनीता डांगी, निर्मला बूलिया, प्रतिभा भंडारी, शकुंतला मूंगौत, बसंतलता मेहता, चेतना चपलोत, प्रियंका चौधरी, बलबीर चोरडिया, नेहा चोरडिया, रजनी बाफना, विमला कोठारी, कुसुम श्रीमाल सहित अनेक महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## लांबिया स्टेशन-शाहपुरा मार्ग को स्टेट हाईवे बनाने की मांग, संकरी सड़क बनी हादसों का कारण

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा

**परमेश्वर** । शाहपुरा-बनेड़ा विधानसभा क्षेत्र में लांबिया स्टेशन से मेघरास, उपरेड़ा होते हुए शाहपुरा तक करीब 35 किलोमीटर लंबा मार्ग अत्यंत संकरा है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों की आवाजाही के बावजूद सड़क का चौड़ीकरण नहीं होने से दुर्घटनाएं आम हो गई हैं। सामाजिक कार्यकर्ता मुबारक मंसूरी ने बताया कि इस मार्ग को स्टेट हाईवे घोषित कर चौड़ीकरण की मांग पिछले 15 वर्षों से की जा रही है। विधायक, सांसद, पीडब्ल्यूडी अधिकारी, जिला कलेक्टर से लेकर मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति तक हजारों ज्ञापन भेजे जा चुके हैं, लेकिन अब तक स्वीकृति नहीं मिली। यह मार्ग दर्जनों गांवों, रायला की औद्योगिक इकाइयों, डीटीओ कार्यालय, कृषि मंडी और विभिन्न विभागीय कार्यालयों को जोड़ने वाला एकमात्र सीधा रास्ता है। संकरी सड़क के कारण 108 एंबुलेंस और आपात सेवाओं को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दो वर्ष पूर्व इसे एमडीआर-417 घोषित किया गया था। यदि इसे स्टेट हाईवे बनाया जाता है तो शाहपुरा सीधे करेड़ा, देवगढ़ और राजसमंद से जुड़ जाएगा, जिससे मार्बल उद्योग और एनएच-48 से संपर्क मजबूत होगा।

क्षेत्रवासियों ने राज्य सरकार से मांग की है कि आगामी बजट सत्र में इस मार्ग के चौड़ीकरण व स्टेट हाईवे निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति दी जाए।

## श्री बाबाधाम पर रक्तदान में उमड़ी भीड़, 271 यूनिट रक्त संग्रहित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

श्री बाबाधाम में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर का शुभारंभ भगवान के जयकारों के साथ विधिवत रूप से हुआ। शिविर को लेकर अध्यक्ष विनीत अग्रवाल ने सभी सेवादारों को जिम्मेदारियां सौंपी थीं। रविवार सुबह से ही सेवादारों ने महात्मा गांधी अस्पताल के डॉक्टरों व स्टाफ के साथ मिलकर अंतिम व्यवस्थाएं पूरी कीं।

सुबह से ही रक्तदान के लिए भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। बढ़ती भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त बेड लगाए गए। मीडिया प्रभारी राजेश नैनावटी ने



बताया कि श्री बाबाधाम में पिछले कई वर्षों से जनवरी माह में रक्तदान शिविर का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। शिविर में सेवादारों के परिवारजनों के साथ-साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रक्तवीरों में स्वयं विनीत अग्रवाल ने 23वीं बार रक्तदान किया। वहीं रामचन्द्र मुन्दड़ा ने 70वीं, प्रमोद कुमार तोषनीवाल ने 49वीं, ओमप्रकाश काबरा ने 36वीं, स्वरम त्रिपाठी ने 13वीं तथा राहुल साहू ने 9वीं बार रक्तदान कर मिसाल पेश की। शिविर के दौरान कुल 271 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ, जिसे दुर्घटना पीड़ितों एवं गरीब-बेसहारा जरूरतमंदों के उपचार में उपयोग में लिया जाएगा।

इस अवसर पर नववर्ष कलेण्डर का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महंत बनवारी शरण काठिया बाबा, महंत योगगुरू कल्किराम, पूर्व सभापति ओमप्रकाश नराणीवाल सहित अनेक समाजसेवी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सोशियल वेल्फेयर सोसायटी का निःशुल्क नशारोग व मनोरोग परामर्श शिविर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

सोशियल वेल्फेयर सोसायटी द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत दाई हलिमा मैटरनिटी एवं जनरल हॉस्पिटल में निःशुल्क नशारोग एवं मनोरोग परामर्श शिविर तथा जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया।

मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. नसीम जहां ने नशे के प्रकार, कारण, दुष्प्रभाव व उपचार पर पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। मुख्य अतिथि कैलाश



विश्नोई थानाधिकारी, सुभाषनगर ने कहा कि युवाओं को सकारात्मक वातावरण, खेल व मनोरंजन के अवसर मिलने से वे नशे से दूर रहेंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता कुणाल ओझा ने कहा कि खेल जीवन की दशा-दिशा बदल सकते हैं और मोबाइल व नशे की लत पर नियंत्रण आवश्यक है। सोसायटी चेयरमैन मोहम्मद हनीफ रंगरेज ने वक्ताओं को माला, पगड़ी व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। डॉ. फरियाद मोहम्मद का भी समाजसेवा हेतु अभिनंदन किया गया। सचिव मोहम्मद एजाज शेख ने बताया कि कार्यक्रम में शबबीर अहमद शेख, मोहम्मद रफीक अंसारी, मोहम्मद असलम खान, मकसूद अली काजी, मुख्तार मीर, रमजान खान, नूर इलाही पठान, अरविंद मसीह, डॉ. फरजाना सिद्दीकी, माया मसीह, मोहम्मद सलीम गौड, मीरदाद खान, ताहिर हुसैन, खुशबू माली, दीपक जाट, खान मोहम्मद, इकबाल छीपा, अनवर अली, चांद मोहम्मद अंसारी, आसिफ, जावेद, अजहर, अकरम सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## पर्यावरण व सेवा का सतत संकल्पः 299वें सप्ताह भी जारी श्रम कार्य



भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।

**परमेश्वर** अपना संस्थान एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा समाज और पर्यावरण हित में सेवा-श्रम का कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में रविवार को पशुओं के लिए स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की गई। तहसील अध्यक्ष मुरली मनोहर व्यास ने बताया कि बनेड़ा-शाहपुरा रोड स्थित सगस जी की बावड़ी के सामने उपखंड कार्यालय के बाहर पशुओं के पानी पीने की पो की सफाई की गई। सेवा कार्य के तहत पो को खाली कर काई व मलवे की सफाई, धुलाई तथा कल्ली की पुताई की गई। इस अभियान में विनोद मेलाना प्रांतीय सचिव सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

## प्रजापति नवयुवक संस्थान की बैठक सम्पन्न

### श्रीयांदे माँ जयंति को धूमधाम से मनाने का लिया निर्णय



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

प्रजापति नवयुवक संस्थान छात्रावास पर प्रजापति नवयुवक संस्थान की बैठक सम्पन्न हुई । जिसमें आगामी 18 जनवरी को प्रजापति समाज की कुलदेवी श्रीयादे माताजी जन्म जयंति मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया । प्रजापति नवयुवक संस्थान के अध्यक्ष कन्हैयालाल प्रजापति ने बताया कि 18 जनवरी को दोपहर 3 बजे महाआरती की जायेगी। संस्थापक सुखदेव प्रजापति ने बताया कि समाज के गणमान्य मेहमानो का स्वागत किया जायेगा एवं छात्रावास विकास पर चर्चा की जायेगी ।

इस अवसर पर तेजूराम, कैलाश, हेमराज, कैलाश जेतगढ़, प्रहलाद, राधेश्याम, तेजमल, राधेश्याम, प्रभुलाल, शान्तिलाल, माधव लाल, मोहन लाल बारणी, टीकम, पारसमल, कल्याणमल, डालुराम, हेमराज, कैलाश सोडार, गोपाल, दिनेश, अशोक, हरिप्रसाद, भैरूलाल, शिवलाल, राजकुमार, उदयलाल, घीसुलाल प्रजापति सहित कई समाजजन उपस्थित रहे।

QUICK BITES

## भीलवाड़ा के सत्यम जीनगर का विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग-2026 में चयन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



जिले के होनहार युवा सत्यम जीनगर का केंद्र सरकार द्वारा आयोजित विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 2026 के लिए चयन हुआ है। उल्लेखनीय है कि इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में भीलवाड़ा से वे एकमात्र प्रतिनिधि हैं। वर्तमान में सत्यम राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, अजमेर से अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर कर रहे हैं।

यह संवाद कार्यक्रम 9 से 12 जनवरी तक आयोजित होगा, जिसमें वे नरेंद्र मोदी सहित वरिष्ठ नीति-निर्माताओं के समक्ष 'सतत एवं हरित विकसित भारत का निर्माण' विषय पर अपने विचार रखेंगे। चयन प्रक्रिया में क्विज, निबंध, पीपीटी व साक्षात्कार शामिल थे। सत्यम ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है।

## पूर्व सरपंच की स्मृति में श्रद्धांजलि भजन संध्या आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।



**रमेश गुर्जर।** क्षेत्र के चांद जी की खेड़ी में पूर्व सरपंच स्व. मोहन दास बैरागी की पुण्य स्मृति में एक शाम अमर आत्मा के नाम श्रद्धांजलि भजन संध्या का आयोजन किया गया। गौरतलब है की पूर्व सरपंच ने अपना संपूर्ण जीवन समाजसेवा, क्षेत्र सेवा एवं परिवार को समर्पित किया। वे 1990 में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. शिवचरण माथुर के कार्यकाल में ग्राम पंचायत चांद जी की खेड़ी के सरपंच रहे।


श्रद्धांजलि भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायक युवराज वैष्णव ककरोलिया घाटी, मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध भजन गायक योगेश बैरागी कसमारिया, रतनगढ़, खेराड़ के जाने-माने भजन गायक बबलू वैष्णव माल का खेड़ा सहित कई स्थानीय कलाकारों ने प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम देर रात्रि तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। गौरतलब है की राजेश कुमार बैरागी के का 20 दिसंबर को निधन हो गया था।

## पेंसिल स्केच और ग्लिटर आर्ट से अमर हुई आचार्य श्री भिक्षु व तुलसी की स्मृति

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।





जैन धर्म के श्वेतांबर तेरापंथ संप्रदाय के प्रथम आचार्य आचार्य श्री भिक्षु एवं नौवें आचार्य आचार्य श्री तुलसी की छवि को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से कस्बे की उभरती कलाकार भावना कांठेड़ पिता प्रशांत कांठेड़ ने पेंसिल स्केच एवं ग्लिटर आर्ट के माध्यम से आकर्षक कलाकृतियां तैयार की हैं।

भावना कांठेड़ ने बताया कि भिक्षु स्वामी के त्रिशताब्दी वर्ष के अंतर्गत गुरुदर्शन से उन्हें यह प्रेरणा मिली, जिसके चलते उन्होंने इस कला-प्रयास को रूप दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में वे तेरापंथ संप्रदाय के सभी आचार्यों के स्वरूप को अलग-अलग कला विधाओं के माध्यम से तैयार करेंगी।

## वृंदावन विलाज वेलफेयर सोसाइटी के चुनाव संपन्न, नवरत्न बने अध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



100 फीट रोड स्थित वृंदावन विलाज कॉलोनी में वेलफेयर सोसाइटी की कार्यकारिणी के चुनाव दो वर्ष के कार्यकाल के लिए सर्वसम्मति से संपन्न हुए। चुनाव में नवरत्न भलावत को अध्यक्ष, सुरेश समदानी को उपाध्यक्ष, सुभाष बाफना को सचिव तथा अंकुश कोठारी को कोषाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया।

सोसाइटी सदस्य मनीष बंब ने बताया कि सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कॉलोनी के सर्वांगीण विकास के लिए मिल-जुलकर एवं समन्वय के साथ कार्य करने की शपथ ली और विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कॉलोनाइजर राजेंद्र कोगटा से सोसाइटी का औपचारिक हैंडओवर भी लिया गया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।